बाल श्रमिक को बंधुआ मजदूरी से मुक्त करवाया

जालौर, (कासं)। जालोर मानव तस्करी यूनिट ने मंगलवार को एक बाल श्रमिक को मुक्त करवाया गया। तथा पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही की। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव जालौर के निर्देशानुसार विशेष अभियान ऑपरेशन मासूम के अंतर्गत बाल श्रम एवं मजदूरों की रोकथाम के लिए चले जा रहे अभियान के तहत 3 दिसंबर 2024 को शशिकला उपनिरीक्षक कोतवाली जालोर एवम प्रवीण कुमार जिला कोऑर्डिनेटर ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्थान अजमेर ,केराराम परामर्शदाता एवं बाबूलाल जांगिड निरीक्षक पुलिस प्रभारी मानव तस्करी सेल जालौर के सुपरविजन में रवाना होकर रघुरतन होटल के पास बालाजी ज्यूस सेंटर पर पहुंचकर दुकान के अंदर प्रवेश किया तो एक बालक होटल के अंदर साफ सफाई झाडू -पोछा कर रहा था। दुकान मालिक प्रवीण कुमार पुत्र शांतिलाल जाति सेन निवासी जालौर द्वारा बालक के बाल श्रम करवाना एवं शारीरिक मानसिक कष्ट पहुंचाने की किशोर न्यायालय 2015 अपराध पाए जाने पर बाल श्रमिकों को मुक्त करवाकर बालक का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया।

अधिवक्ता दिवस मनाया, लिया अधिवक्ता हित में कार्य का संकल्प

जालोर, (कासं)। अधिवक्ता परिषद जिला जालोर की ओर से मंगलवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ता के नाते परिषद के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर की गई। मुख्य वक्ता दिलीप शर्मा ने

- **अधिवक्ता परिषद जिला जालोर की ओर से मंगलवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया**

कहा कि आज का दिन हम सभी अधिवक्ताओं के लिए गर्व करने का दिन है। अधिवक्ताओं की भूमिका देश की आजादी के आंदोलन से लेकर वर्तमान काल तक महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मूल अधिकारों के साथ हमें संविधान में उल्लेखित नीति निदेशक तत्वों का भी अनुसरण करना चाहिए। परिषद के जिला सह संयोजक ललित खत्री और

जालोर में अधिवक्ता परिषद की ओर से अधिवक्ता दिवस मनाया गया।

अधिवक्ता अश्विन राजपुरोहित ने भी विचार व्यक्त किए तथा कहा कि आज हम सभी को अधिवक्ता हित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर लोक अभियोजक ओमप्रकाश व्यास, वरिष्ठ अधिवक्ता मंगलसिंह उण, अधिवक्ता महिपालसिंह जेतावत, दौलतराज बाराडा, चेताराम, ज्योत्सना राजपुरोहित, दिग्विजयसिंह परिहार, तुलसीराम पुरोहित, गणपतसिंह नोरवा, हेमेंद्रसिंह बगेडिया, पुष्पेंद्रसिंह जोधा, गोवर्धनसिंह चवरछा, डिम्पलसिंह चौहान, प्रवीण कुमार भादरु, रणजीतसिंह, निम्बाराम, प्रवीण बोस, दिनेश कुमार, विक्रमसिंह गोविंदला, कालुराम गर्ग, जयदीपसिंह, दुष्यंत कुमार एवं विक्रम कुमार गर्ग समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौपा ज्ञापन

मंडार, (निसं)। एससी- एसटी के लोगों ने मंगलवार को कांग्रेस नेता मफतलाल बुनकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम मंडार नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया की राजस्थान की भाजपा सरकार के द्वारा कैबिनेट में एससी- एसटी के विरोध में चौंकने वाला फैसला लिया है। जिसमें राजस्थान काश्तकारी अधिनियम धारा 42 में संशोधन कर एससी- एसटी वर्ग के लोगों की जमीन लीज पर देने का प्रावधान किया गया है, इसकी वजह से इस वर्ग की जमीन पर पहले से ही नजर लगाए बैठे भू माफिया एससी- एसटी वर्ग की गरीब काश्तकार को प्रलोभन देकर या दबाव बनाकर सहयोगी उपजाऊ जमीनों को अन्य प्रयोजन से उनके जमीन ले लेंगे और एससी- एसटी वर्ग के लोगों के पास जो थोडी बहुत कृषि योग्य जमीन बची है, वह भी इस प्रावधान के चलते नहीं बचेगी। वहीं ज्ञापन सौंप समाधान की मांग की गई। इस दौरान मफतलाल बुनकर, सुरेश कुमार भील, मफत लाल भील, शांति लाल धर्माणी, लवजी राम सोलंकी, हसमुख कुमार, सुगना देवी, शंकर लाल, मोहनलाल, लालाराम, रमेश कुमार मेघवाल व सोमा राम सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

सार-समाचार

आपत्तियों का निस्तारण करने के निर्देश

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को गंभीरतापूर्वक 14 दिसम्बर तक कार्ययोजना बनाकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेजों व स्कूलों में ईपिक बने विद्यार्थियों, रजिस्टर्ड विद्यार्थियों तथा विद्यार्थियों के नए पंजीकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए पात्र वंचित विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए वीएचएम अथवा बीएलओ के माध्यम से फॉर्म नं. 6 में आवेदन करवाने के लिए निर्देशित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश मेवाडा ने राजकीय एवं निजी विद्यालयों में शाला दर्पण से 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण करने की बात कही। बैठक में ईपिक व लिंगानुपात स्थिति एवं जीएपी विश्लेषण, ई-रोल प्रक्रिया, प्रपत्र-6 की प्राप्ति व पेडेंसी पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जालोर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी मनोज चौधरी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रगति बढाने के लिए बीएलओ बैङ्क के माध्यम से लक्ष्य निर्धारित करने, काउंसलिंग द्वारा प्रेरित करने एवं बूथ स्तरीय टीमों द्वारा माइक्रो लेवल पर योजनाबद्ध तरीके से प्रगति बढाने के साथ ही ग्राम व वार्ड सभाओं के आयोजन एवं रविवार को डोर-टू-डोर सर्वे कर मतदाताओं के नाम जु?वाने के संबंध में अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, समस्त उपखण्ड अधिकारी सहित निर्वाचन से जुडे अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

टंकण परीक्षा 18 को, आवेदन पत्र आमंत्रित

जालोर, (कासं)। जिला जालोर में कार्यरत विभिन्न विभागों के मृत राज्य कर्मेचारियों के आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्त कनिष्ठ सहायकों (नवीन नियुक्त जो पात्र हो) की टंकण परीक्षा (अंग्रेजी/हिन्दी) 18 दिसम्बरको आयोजित की जायेगी। जिसके लिए 13 दिसम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। अतिरिक्त जिला कलक्टर व परीक्षा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश मेवाडा ने बताया कि ऐसे समस्त अभ्यर्थी आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों व 500 रूपये की डी.डी. के साथ (जिला कलक्टर जालोर परीक्षा के नाम से देय) 13 दिसम्बर को सायं 6 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस समयावधि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी टंकण परीक्षा के लिए आवेदन पत्र संस्थापन अनुभाग, कार्यालय जिला कलक्टर जालोर से प्राप्त कर सकते हैं।

जनसुनवाई का होगा आयोजन कल

जालोर, (कासं)। जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 5 दिसम्बरको प्रातः 11 बजे से पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि दिसंबर माह के प्रथम गुरूवार 5 दिसम्बर को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनसुनवाई के दौरान आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनका समाधान किया जायेगा।

पानी भेवडी एनिकट में छोड़ने की मांग

डूंगरपुर, (निसं)। इस वर्ष गलियाना बांध में पानी की आवक नहीं होने के कारण जलस्तर नही बढने एवं भेवडी एनिकट में पानी नहीं आने से परेशान ग्रामीण जल संसाधन विभाग पहुंचे और सोम कमला बांध का पानी गलियाना बांध में भर कर पानी भेवडी एनिकट में छोडने की मांग की है। भेवडी ग्राम पंचायत के सरपंच गंगाराम भगोरा के तत्वाधान में भेवडी, ढाणी कटकेश्वर, ढाणी खजूर एवं नया गांव के ग्रामीण आसपुर जल संसाधन विभाग कार्यालय पहुंचे और एक्सईएन बहादुरसिंह राठौड को ज्ञापन सौप कर बताया की गलियाना बांध खाली रहने के कारण इस बार एनिकट में पानी नहीं छोडा गया जिससे एनिकट खाली पडा है। इस एनिकट में पानी रहने से चार गांवों की सिंचाई होती है और पानी रहने से जल स्तर ऊपर रहता है। जिससे कुओं का जल स्तर भी बढता है जो सिंचाई में उपयोग लेते है। वहीं पशुओं के पानी की समस्या नही रहती हैं,जिसे लेकर बताया की सोम कमला बांध से पानी गलियाना बांध में डाला जाया और बांध को भरकर पानी की निकासी कर भेवडी एनिकट में डाला जाय।

वार्ड नं 31 का किया निरीक्षण

डूंगरपुर, (निसं)। सभापति के मार्गदर्शन में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड संख्या 31 में निरीक्षण किया वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा ने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया सभापति महोदय एवं स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड की गली-गली में जाकर समस्याओं को देखा और उनके निराकरण हेतु सफाई निरीक्षक की टीम और सारी टीमों को निर्देशित किया। और तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करवाने का निर्देश दिया उक्त वार्ड में रोड का टेंडर जारी हो चुका है उसके लिए ठेकेदार राजेश श्रीमाल को बुलाकर भी निर्देशित किया कि आठ दिनों के भीतर उसका कार्य शुरू किया जाए। सभापति एवं टीम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त वार्ड की सारी समस्याओं का समाधान दो दिनों के भीतर कर दिया जाए इस दौरान बर्ड सैन्च्यूरी पार्क आवागमन मार्ग पर नाले को भरा हुआ पाया गया तुरंत प्रभाव से टीम बुलाकर उसको तुरंत ठीक करवाया गयाए इस दौरान सभापति स्वच्छता कमेटी की टीम जिसमें डायालाल पाटीदार मोहन यादव, नरेश यादव, कांतिलाल कोटेड, राजेश रोत, जितेंद्र भोई, वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा एवं परिषद् से सहायक अभियंता, भक्तेष पाटीदार, कनिष्ठ अभियंता राजेंद्रपाल सिंह, नरेंद्रसिंह सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम सुभाष भोई मौजूद रहें।

ऑटो की टक्कर से युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना इलाके में डूंगरपुर शहर के नवाडेरा में एक ऑटो ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के हेड कॉनि. तेज ने बताया कि कलाल घाटा निवासी धुला बरंडा ने मामला दर्ज कराया कि उसका बेटा लोकेश उसके मिलने वाले महेश खोखरिया के साथ घर से सामान लेने डूंगरपुर गया था। वहीं, डूंगरपुर से पैदल-पैदल लौटते समय नवाडेरा के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी।

जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर की मासिक बैठक सम्पन्न

जालोर,(कासं) । जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर (एनसीओआरडी) की मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, बिक्री, परिवहन, भण्डारण एवं ड्रग्स के सेवन/उपयोग पर प्रभावी रोकथाम के लिए संयुक्त कार्यवाही करते हुए नशे की रोकथाम के लिए छात्र-छात्राओं एवं आमजन को जागरूक कर नशे से स्वास्थ्य पर पडने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों से अवगत करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने नशेडी प्रवृति के लोगों को नशा मुक्ति केन्द्र में नशा छोडने के लिए अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाकर नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अवैध मादक पदार्थों के अपराधियों के विरूद्ध कठोर

जालोर में जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सेन्टर (एनसीओआरडी) की मासिक बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में सम्पन्न हुई।

कानूनी कार्यवाही करने की रूपरेखा तैयार कर आगामी लक्ष्य निर्धारित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल दौलतराम चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक जगदीश प्रसाद, वाणिज्य कर अधिकारी प्रकाश, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार, राजकीय चिकित्सालय के डी.सी. डॉ. कमलेश मीना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव कुमार सुथार, नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जोधपुर के लाबुराम, सी.आई.डी. जोन जालोर के प्रभारी महावीर भंवरिया, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर के डॉ. चन्दन प्रकाश व नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र जालोर के सुरेश विश्नोई उपस्थित रहे।

बबूल जलाकर बनाया जा रहा है कोयला

डूंगरपुर। बडे पैमाने पर विलायती बबूल के पेडों की कटाई कर उसका अवैध रूप से बिना प्रदूषण विभाग की एनओसी के कोयला बनाने का मामला सामने आया है। दोवडा, आसपुर व साबला क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बाहरी ठेकेदारों द्वारा करीब अवैध 15० भट्टियों में रोजाना करीब 5०० क्विंटल बबूल को काटकर कोयला बनाया जा रहा है। यहां बनने वाले कोयले को दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। यह ठेकेदार बबूल कटाई के साथ साथ नीम, आम सहित कई पेडों की कटाई कर कोयला बना रहे है। इन क्षेत्रों में पेडों की कटाई के लिए यहां कई गिरोह सक्रिय हैं। ये पेडों की कटाई का ठेका लेते हैं।

जहरीली गैस से बीमारियों का खतरा:- कोयला उत्पादन के दौरान निकलने वाला धुआं वायु प्रदूषण का मुख्य कारण बन रहा है। इसमें कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें होती हैं, जो आसपास के गांवों में सांस की बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे रही हैं। यह जहरीली गैस ग्रामीण क्षेत्र में करीब पांच से दस किमी पर फैल रही है। जिससे सांस लेने में परेशानी हो रही है।

पंचायत से लेते है स्वीकृति:-यह बाहरी ठेकेदार प्रदूषण नियंत्रण, उपखंड कार्यालय सहित विभागो से स्वीकृति नहीं लेकर केवल सरपंच एग्राम विकास अधिकारी के लेटर हेड पर लिखवा कर अवैध कारोबार कर रहे है।

ऐसे बनाते है कोयला:- बाहरी ठेकेदार गांव में किसी काश्तकार का खेत किराए लेकर ईंट और मिट्टी से भट्टी तैयार करते है।और बडे बडे पेडों को ट्रेक्टर से कुचल कर छोटे-छोटे टुकडे कर भट्टी में डालते है फिर भट्टी को बंद कर देते और ऊपर से आग रख देते है। एक दिन बाद भट्टी खोलकर कोयला निकाल लेते है और बोरे में भरकर बाहर सप्लाई करते है। ठेकेदार इस्माइल खान का कहना है कि हमने कोई प्रदूषण विभाग से परमिशन नही ली है।

स्पिनर अक्षय वैष्णव का चयन

जालोर, 03 दिसम्बर (कासं)। जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालोर के राइट आर्म लेग स्पिनर अक्षय वैष्णव का चयन अंडर 16 राजस्थान टीम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय मरचेंट ट्रॉफी के लिए चयन हुआ है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन जालोर के सचिव सतीश व्यास ने बताया कि जालोर जिले के मानपुरा कॉलोनी के निवासी अक्षय वैष्णव ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जयपुर मे आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 16 प्रतियोगिता में 4 मैचों 1० विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया व उनका चयन अंडर 16 चैलेंजर ट्रॉफी में किया गया व इस प्रतियोगिता में 3 मैच में 13 विकेट लेकर गेंदबाजी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैलेंजर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद उनका चयन राजस्थान अंडर 16 टीम के लिए प्रैक्टिस मैचों मे किया गया व अच्छा प्रदर्शन कर उनका चयन राजस्थान अंडर

- **पदयात्रा सोमवार शाम करणपुर पहुंचेगी**

16 टीम मे किया गया जो कि 6 दिसम्बर को आंध्रप्रदेश के विजय वाडा मे क्चष्टष्टढ्ढ द्वारा आयोजित विजय मरचेंट प्रतियोगिता खेलेगी। अक्षय वैष्णव 4 वर्षों से जिला क्रिकेट एकेडमी में निरंतर प्रैक्टिस व मेहनत कर रहा है जिसके फल स्वरूप आज उनका चयन राजस्थान अंडर 16 टीम मे हुआ। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सतीश व्यास, सदस्य वरुण शर्मा, फिरोज खान (कोच), ताहिर शम्मा, सुल्तान अली, भूपेंद्र सिंह, दिगम्बर सिंह, पुखराज चौधरी, राजाराम चौधरी, तरन्नुम खान, तबस्सुम खान व गोपालदास वैष्णव, ललित वैष्णव, सविता वैष्णव, जय वैष्णव, मनीष कुमार, अभय राज ने इस खुशी के अवसर पर सभी ने शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया।

बाल विवाह रोकथाम पर जोर

पाली । शहर की श्री उदय वाटिका चादर वाले बालाजी रोड़, मालियों का बेरा, न्यू हाउसिंग बोर्ड भवन परिसर में आज 3 दिसम्बर को आँजणा पटेल समाज का शिकारपुरा श्री राजारामजी महाराज आश्रम गादीपति श्री दयारामजी महाराज के सानिध्य में समाज, धर्म व शिक्षा नशा मुक्ति बाल विवाह आदि प्रकार की रोकथाम पर जोर देकर गुरू ज्ञान का आशीर्वाद समारोह आयोजित किया। जिसमें साधु संतों, समाजबन्धुओं ने जानकारी में बताया कि समाज के धर्म विकास, शिक्षा के साथ संस्कारों का नशा मुक्ति व बाल विवाह आदि समाज की विभिन्न प्रकार की फैली हुई कुरीतियों से संस्कारों का समावेश कुरीतियों के रोकथाम संस्कारों पर ध्यान व संतो ने धर्म पथ पर चलने का जोर दिया। इस अवसर पर भामाशाह मोहनलाल, पुखराज, जगदीश, हेमाराम, परखाराम, कानाराम कांदली, सरपंच मोहनलाल, देवेन्द्र, समाजसेवी हरि भाई पटेल रूपावास, अमराराम, देवीलाल सोलंकी आदि मौजूद रहे।

जिलेभर में सभी एक्सईएन, एईएन, जेईएन मुख्यालयों पर मनाया सुरक्षा पर्व

जालोर,(कासं)। जिले में विद्युत दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं कार्मिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक माह की 1 तारीख को सुरक्षा पर्व के रूप में मनाये जाने सम्बन्धी लिये गये निर्णय के क्रम में 1 दिसम्बर को राजकीय अवकाश होने के कारण 2 दिसम्बर को जिले में प्रत्येक अधिषाशी अभियंता मुख्यालय, सहायक अभियंता मुख्यालय एवं कनिष्ठ अभियंता मुख्यालय पर कार्यशालाएं आयोजित कर सुरक्षा पर्व मनाया गया।

अधीक्षण अभियंता जालोर पी.एस. राठौड ने बताया कि 02 दिसम्बर को जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वृत जालोर के अधीन सभी अधिशाषी अभियंता मुख्यालयों, सहायक अभियंता मुख्यालयों एवं सभी कनिष्ठ अभियंता मुख्यालयों पर सुरक्षा पर्व के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिश्ङ्ग अभियंताओं द्वारा अपने अपने मुख्यालयों पर कार्यषालाएं आयोजित कर आस-पास क्षेत्र के तकनीकी कर्मचारियों, सबस्टेषनों पर कार्यरत ठेकेदार के कार्मिकों एवं एफ.आर.टी. कार्मिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के लिए सुरक्षा संबंधी नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला मुख्यालय पर डिस्कॉम वृत कार्यालय के सभागार में कार्यषाला आयोजित कर सुरक्षा पर्व मनाया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता पी.एस. राठौड, अधिशाषी अभियंता नारायण लाल सुथार, शहजाद खां, कनिष्ठ अभियन्ता हरिकेश मीणा, प्रितम सोलंकी तथा तकनीकी कर्मचारी अमित शर्मा, अमृत सिंह ने उपस्थित कामगारों को सुरक्षा सम्बन्धित नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर परि.एवं संधा. , प्रोटेक्शन, सतर्कता, एम.एण्ड पी., सिविल विंग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अन्त में उपस्थित तकनीकी कामगारों को विद्युत सम्बन्धी कार्य करते समय सुरक्षा उपकरणों का पूर्णतया उपयोग करने, बिना सुरक्षा उपकरणों के बिजली से सम्बन्धित कोई भी कार्य नहीं करने, बिजली सम्बन्धित कोई भी कार्य प्रारम्भ करने से पहले दो मिनट अपने इष्टदेव का ध्यान कर कार्य प्रारम्भ करने सम्बन्धी शपथ दिलाई गई।

ध्वजारोहण के साथ हुई महाप्रसादी

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट निम्बज के निकट श्री भुआल माताजी का वार्षिक मेला मंगलवार को उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूल मालाओ और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया।

मेला लाभार्थी मोहब्बत नगर निवासी संघवी शा सोनमल जी वरदाजी रूपाजी निमब्जिया परिवार को मिला है । मेले में 39 वीं कायमी ध्वजारोहण कोलापुर के शा अमीचंद जी वरदाजी निम्ब्जिया परिवार किया।मेले के पूर्व अनापुर में मरुधर रत्न आचार्य भगवंत रत्नाकरसुरीश्वर मसा की निश्रा में मुनिसुव्रत स्वामी मंदिर में भव्य सामैया हुआ और दक्षिण भारत में व्यापार करने वाले प्रवासी राजस्थानी बडी तादाद में भाग लेने पहुंचे। महाअभिषेक और शाम को गीत मेहंदी व सांझी का कार्यक्रम व भक्ति भावना हुई। 3 दिसम्बर को भुआल माताजी का होम व हवन के साथ अभिषेक तथा ध्वजारोहण व महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

भुआल माताजी के प्रति अटूट आस्था होने से निम्ब्जिया गोत्र के लोग हर वर्ष माताजी के दर्शन के लिए आते है। यहां पर आवास व भोजन की स्थाई व्यवस्था रहती है । पिछले 38 वर्षों से यह मेला भरता है और हर वर्ष मेले के सम्पूर्ण खर्च का लाभ लेने की होड लगी

- **ज्ञापन में अभियंता के समान करने की मांग**

रहती है। यह स्थान अतिप्राचीन तीर्थ जीरावला पार्श्वनाथ के नजदीक है । मेले में दो दिन भक्तगण रहते है और माताजी की भक्ति करते है।यह सभी कार्यक्रम निंबजिया जैन महासभा ट्रस्ट के सहकार्य से बहुत ही अच्छी तरह नियोजित होता है।

समाजसेवी देवीचंद ओसवाल ने बताया कि इस मेले में भजन सम्राट रामेश्वर माली ने देर रात तक आकर्षक भजनो की प्रस्तुति देकर श्रोताओ को झूमने पर मजबूर किया और विधि विधान करने मंडार से अभिषेक आद्यापक आए। लाभार्थी परिवार के देवीचंद चन्दूभाई भरत ओसवाल चन्द्रकांत महेन्द्र समेत समूचे परिवार का ट्रस्ट मंडल ने माला साफा व श्रीफल भेट कर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर नवीन ट्रस्ट का हुआ गठन:- मोहब्बत नगर निवासी हाल कोल्हापुर भरत ओसवाल को नया अध्यक्ष मनोनीत किया। जबकी उपाध्यक्ष कालन्द्री के भरत संघवी सचिव लालचंद जैन और कोषाध्यक्ष हितेश निबजिया को नियुक्त किया गया।

दिव्यांगजन कल्याण के उत्कृष्ट कार्य के लिए बाडमेर कलक्टर टीना डाबी सम्मानित

बाडमेर,(कासं)। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष दिव्यांगजन के कल्याण और सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बाडमेर जिला कलक्टर टीना डाबी को सम्मानित किया गया। इस दौरान बाडमेर जिले में नवो बाडमेर के तहत समन्वित प्रयास,सशक्त समाज अभियान की सराहना की गई।

जयपुर के भगवंतसिंह सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत एवं आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव एच गुइटे ने बा?मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बाडमेर जिले में दिव्यांगजन कल्याण संबंधित कार्यों, नवो बाडमेर के तहत समन्वित प्रयास,सशक्त समाज अभियान की सराहना करते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसकी तर्ज पर अभियान चलाने के बारे में अवगत कराया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में चयनित विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनां के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों तथा संस्थाओं को 10 हजार रूपए की

बाडमेर की जिला कलैक्टर टीना डाबी को अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। फोटो राष्ट्रदूत

राशि, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक सुरेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के वर्ष 2024-25 के बजट घोषणा बिंदु संख्या 92 की अनुपालना में बाडमेर जिला कलैक्टर टीना डाबी की ओर से जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहयोग से दिव्यांगजन कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए 'नवो बाडमेर-समन्वित प्रयास सशक्त समाज अभियान' के रूप अभिनव पहल की गई। इस अभियान के माध्यम से दिव्यांगजन कल्याण की दिशा में बाडमेर मॉडल जिला बनकर उभरा। बाडमेर जिले में नवो बाडमेर के तहत समन्वित प्रयास, सशक्त समाज अभियान के जरिए 7025 लोगों की स्क्रीनिंग करने के साथ 2130 दिव्यांग प्रमाण पत्र अनुमोदित किए गए। प्रदेश में पहली मर्तबा दिव्यांगों के मार्गदर्शन एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल लॉच किया गया। इसके अलावा मतदान केन्दों की तर्ज पर सरकारी कार्यालयों की दिव्यांग अनुकूल ऑडिट भी करवाई गई।

गजेटियर ड्राफ्ट वेबसाइट पर उपलब्ध

जालोर, । जालोर जिले के गजेटियर ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों के संबंध में सुझाव/आपत्तियाँ आमंत्रित करने के लिए गजेटियर ड्राफ्ट को जालोर जिले की वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराया गया है।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य के आयोजना (जनशक्ति) विभाग द्वारा जालोर जिले के गजेटियर का करीब 51 वर्ष उपरांत अद्यतन किया जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 1973 में जालोर जिले का प्रथम गजेटियर प्रकाशित किया गया था। जिला गजेटियर जिले के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाने वाला सरकार का महत्वपूर्ण प्रकाशन है। जिला गजेटियर ड्राफ्ट की बारिकी जांच के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपादक मंडल का गठन किया गया है । जिसमें विभिन्न सेक्टरों के विषय विषेषज्ञों को सम्मिलित किया गया है। ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों के संबंध में सुझाव/आपत्तियाँ आमंत्रित करने के लिए गजेटियर ड्राफ्ट को जालोर जिले की वेबसाइट पर आमजन के अवलोकन के लिए भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने आमजन से अपेक्षा की हैं कि गजेटियर ड्राफ्ट में अंकित तथ्यों अथवा विषय-वस्तु के संबंध में आमजन अपने सुझाव/आपत्तियों से संबंधित पूर्ण जानकारी (तथ्यों तथा संदर्भा सहित) 15 दिवस की अवधि में विभागीय ई-मेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं।